Toppersnotes
Unleash the topper in you

# सामान्य हिन्दी व्याकरण एवं अभ्यासिका

भाग - 3

## सामान्य हिन्दी अभ्यासिका

SIERRA INNOVATIONS

# विषयसूची


| S No. | Chapter Title | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | वर्णमाला PYQ | 1 |
| 2 | संज्ञा PYQ | 15 |
| 3 | सर्वनाम PYQ | 26 |
| 4 | विशेषण PYQ | 35 |
| 5 | क्रिया PYQ | 48 |
| 6 | क्रिया विशेषण PYQ | 55 |
| 7 | लिंग PYQ | 59 |
| 8 | वचन PYQ | 69 |
| 9 | काल PYQ | 76 |
| 10 | कारक PYQ | 84 |
| 11 | अव्यय एवं अविकारी शब्द PYQ | 94 |
| 12 | वर्तनी शुद्धि PYQ | 100 |
| 13 | विराम चिन्ह PYQ | 110 |
| 14 | वाच्य PYQ | 115 |
| 15 | संधि PYQ | 120 |
| 16 | समास PYQ | 142 |
| 17 | उपसर्ग PYQ | 167 |
| 18 | प्रत्यय PYQ | 186 |
| 19 | रस PYQ | 201 |
| 20 | छंद PYQ | 219 |
| 21 | अलंकार PYQ | 229 |
| 22 | हिन्दी भाषा का परिचय PYQ | 247 |
| 23 | हिन्दी साहित्य का इतिहास PYQ | 255 |

# विषयसूची


| S No. | Chapter Title | Page No. |
|---|---|---|
| 24 | हिन्दी साहित्य की विधा PYQ | 259 |
| 25 | हिन्दी लेखकों का सामान्य परिचय एवं रचनाएँ PYQ | 261 |

# वर्णमाला

## हिन्दी वर्णमाला सामान्य

**1. लिपि-चिह्नों के क्रमबद्ध समूह को क्या कहते हैं?**
**[UPSSSC Junior Assistant]**

(A) अक्षर (B) वर्ण
(C) वर्ण-समूह (D) वर्णमाला

**2. संयुक्त को छोड़कर हिन्दी में मूल वर्णों की संख्या है। [MP Vyapam Sub Engineer]**

(A) 54 (B) 34
(C) 44 (D) 48

**3. हिंदी वर्णमाला में कुल कितने व्यंजन हैं?**
**[Bihar Police Constable]**

(A) 48 (B) 25
(C) 40 (D) 41

**4. डॉ. धीरेन्द्र वर्मा ने वैदिक ध्वनियों की संख्या मानी है [Bihar Senior Secondary Teacher]**

(A) 13 स्वर, 38 व्यंजन = 51
(B) 12 स्वर, 34 व्यंजन = 46
(C) 15 स्वर, 41 व्यंजन = 56
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**5. देवनागरी लिपी में स्वर वर्णों की संख्या है?**
**[UP TGT]**

(A) 11 (B) 12
(C) 13 (D) 14

**6. निम्नलिखित में से भाषा की लघुतम लिखित इकाई है। [Rajasthan 3rd Grade Teacher]**

(A) ध्वनि (B) पद
(C) शब्द (D) वर्ण

**7. वर्णमाला में 'ड' से पहले कौन सा वर्ण आता है?**
**[DSSSB TGT]**

(A) घ (B) ढ
(C) ध (D) ठ

**8. हिंदी वर्णमाला में उच्चारण के आधार पर वर्णो की संख्या है - [Chhattisgarh Teacher]**

(A) 42 (B) 52
(C) 47 (D) 37

**9. हिंदी भाषा की सबसे छोटी इकाई कौनसी है?**
**[AEES PRT]**

(A) वर्ण
(B) वाक्य
(C) व्यंजन
(D) शब्द

## वर्ण विचार

**10. अं और अः का सम्बंध इनमें से किससे है?**
**[MP Vyapam Group 2]**

(A) तालु (B) अयोगवाह
(C) ओंठ (D) मूर्धा

**11. अनुस्वार और अनुनासिक के उच्चारण में क्या अंतर होता है? [MP Vyapam Group 2]**

(A) अनुस्वार में हवा 'मुँह' से निकलती है, जबकि अनुनासिक में हवा 'नाक' से निकलती है।
(B) अनुस्वार में हवा 'नाक' से निकलती है, जबकि अनुनासिक में हवा 'नाक' और 'मुँह' दोनो से निकलती है।
(C) अनुस्वार में हवा 'मुँह' से निकलती है, जबकि अनुनासिक में हवा 'नाक' और 'मुँह' दोनो से निकलती है।
(D) अनुस्वार में हवा 'नाक' से निकलती है, जबकि अनुनासिक में हवा 'मुँह' से निकलती है।

**12. एक से अधिक वर्णों के मेल को कहते हैं:**
**[UPSSSC VDO]**

(A) अक्षर (B) स्वर
(C) व्यंजन (D) अनुस्वार

13. **जब स्वरों के उच्चारण में ध्वनि मुख के साथ-साथ नासिका द्वार से भी निकलती है, उस अनुनासिकता को प्रकट करने के लिए निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है?**
**[UPSSSC Junior Assistant]**
(A) रेफ (B) चंद्रबिंदु
(C) अनुस्वार-बिदुं (D) नुक़्ता

14. **तालव्य वर्णों की संख्या है - [MP Police SI]**
(A) 5 (B) 9
(C) 11 (D) 7

15. **निम्न में कौन सा वर्ण घोष है?**
**[UPSSSC Stenographer]**
(A) क (B) ख
(C) च (D) ग

16. **निम्न में से किस शब्द में अनुस्वार का प्रयोग किया गया है? [MP Vyapam Group 2]**
(A) गृह (B) ग्रह
(C) गंदा (D) गाँव

17. **निम्नलिखित में से किस विकल्प में संयुक्ताक्षर है?**
**[MP Patwari]**
(A) कुम्हार (B) मिट्टी
(C) बिल्ली (D) दिल्ली

18. **निम्नलिखित में से 'ज्ञ' वर्ण किन वर्णों के संयोग से बना है? [MP Vyapam Sub Engineer]**
(A) ज + य (B) य + ग
(C) झ + ज (D) ज + ञ

19. **नीचे दी गई तालिका में अशुद्ध मेल कौन सा है?**
**[UPSSSC Junior Assistant]**

| वर्ण | प्राणतत्व की मात्रा के आधार पर | श्वास कम्पन के आधार पर | उच्चारण स्थान के आधार पर |
|---|---|---|---|
| क | अघोष | अल्पप्राण | कण्ठ |
| ख | अघोष | महाप्राण | तालु |
| ग | सघोष | अल्पप्राण | मूर्द्धा |
| घ | सघोष | महाप्राण | ओष्ठ |

(A) क (B) छ
(C) ड (D) ध

20. **वह कौन सा शास्त्र है जो भाषा को शुद्ध, सर्वमान्य रूप प्रदान कर उसे बोलने समझने, पढ़ने व लिखने योग्य बनाता है? [MP Vyapam Group 2]**
(A) व्याकरण (B) भाषा
(C) लिपि (D) बोली

21. **हिन्दी में ध्वनियाँ कितने प्रकार की होती हैं?**
**[UPSSSC VDO]**
(A) 2 (B) 4
(C) 6 (D) 8

22. **हिन्दी वर्णमाला में 'अयोगवाह' वर्ण कौन से हैं?**
**[MP Police SI]**
(A) अ, आ (B) इ, ई
(C) उ, ऊ (D) अं, अः

23. **अनुस्वार और विसर्ग शब्दों के आदि में प्रयुक्त होते हैः [CG TET]**
(A) कथन सही है।
(B) कथन गलत है।
(C) अनुस्वार के लिए सही है, विसर्ग के लिए गलत है।
(D) विसर्ग के लिए सही है, अनुस्वार के लिए गलत है।

24. **अयोगवाह किसे कहा जाता है? [UPTET]**
(A) महाप्राण को
(B) अनुस्वार एवं विसर्ग को
(C) संयुक्त व्यंजन को
(D) अल्पप्राण को

25. **ऋ की मात्रा को छोड़कर और अं और अ: को लेकर व्यंजनों के साथ सब स्वरों के मिलाप को क्या कहते है? [CG TET]**
(A) अक्षरक्रम
(B) बारहखड़ी
(C) वर्णक्रम
(D) इनमें से कोई नहीं

26. **एक ध्वनि या एकाधिक ध्वनियों की इकाई को, जिसका उच्चारण एक झटके में होता है, क्या कहते हैं? [CG TET]**

(A) मात्रा

(B) शब्द

(C) अक्षर

(D) वाक्य

27. **किन ध्वनियों को 'अनुस्वार' कहा जाता है? [REET]**

(A) स्वर के बाद में आने वाली नासिक्य ध्वनियाँ

(B) स्वतंत्र रूप से उच्चारित ध्वनियाँ

(C) स्वर के साथ आने वाली ध्वनियाँ

(D) व्यंजन के बाद में आने वाली ध्वनियाँ।

28. **ख और घ ध्वनि किस प्रकार की है ? [Bihar Primary Teacher]**

(A) नाद

(B) अल्पप्राण

(C) महाप्राण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

29. **'घोष' ध्वनि कौन-सी है ? [Bihar Primary Teacher]**

(A) ग

(B) ज

(C) ध

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

30. **'ज्ञ' को वर्णमाला में माना जाता है [HTET TGT]**

(A) संयुक्त अक्षर

(B) स्वर संधि

(C) अनुस्वार

(D) व्यंजन

31. **निम्न में से महाप्राण वर्ण है [HTET TGT]**

(A) आ (B) क

(C) थ (D) च

32. **निम्नलिखित में कौन सा कथन अशुद्ध है? [UPTET]**

(A) विसर्ग कंठय वर्ण है।

(B) हिन्दी में ज्ञ का उचारण परम्परा से भिन्न हो गया है।

(C) दो महाप्राण व्यंजनों का उच्चारण एक साथ हो सकता है।

(D) 'क्ष' संयुक्त व्यंजन है।

33. **निम्नलिखित में से किस वर्ण का मूल उच्चारण हिन्दी में प्रचलित नहीं है? [HTET TGT]**

(A) श्र (B) क्ष

(C) ऋ (D) श

34. **निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प 'अयोगवाह' है? [HTET TGT]**

(A) त्र (B) आ

(C) विसर्ग(:) (D) ज्ञ

35. **निम्नलिखित में से कौन-सा/से उत्तर सही है/हैं? [Bihar Primary Teacher]**

1. अनुस्वार पूर्ण अनुनासिक ध्वनि है।
2. वर्ण के पंचम अक्षर अनुनासिक होते हैं।
3. अनुनासिक के उच्चारण के दौरान नाक से बहुत कम साँस निकलती है और मुँह से अधिक।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(A) केवल 1 और 2

(B) 1, 2 और 3

(C) केवल 3

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

36. **निम्नलिखित वर्णों को उनके उच्चारण स्थान से सुमेलित कीजिए) [Rajasthan 3rd Grade Teacher]**

| | |
|---|---|
| 1. क | A. दन्त |
| 2. त | B. तालु |
| 3. न | C. कण्ठ |
| 4. श | D. नासिका |

(A) 1 - A, 2 - B, 3 - C, 4 - D

(B) 1 - A, 2 - C, 3 - D, 4 - B

(C) 1 - c, 2 - a, 3 - d, 4 - b

(D) 1 - b, 2 - d, 3 - a, 4 - c

Unleash the topper in you

37. **पंचमाक्षर (ङ्, ञ्, ण्, न, म्) के स्थान पर अनुस्वार के प्रयोग सर्वप्रथम प्रस्ताव किसने रखा। [MPTET Varg 1]**

(A) डॉ. श्यामसुंदर दास
(B) डॉ. धीरेंद्र वर्मा
(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(D) बालगंगाधर तिलक

38. **'प्रयत्न के आधार परल' किस प्रकार की ध्वनि है? [Bihar Primary Teacher]**

(A) पार्श्विक (B) संघर्षशील
(C) उत्क्षिप्त (D) प्रकंपित

39. **मुखावयवों के निकट आने से संघर्ष के पश्चात् प्रकट होने वाली ध्वनि कौन-सी है ? [HTET TGT]**

(A) स्पर्श (B) अंतस्थ
(C) वर्त्स्य (D) ऊष्म

40. **मूर्धा का अर्थ है : [UTET]**

(A) उच्चारण स्थल
(B) सर्वोच्च
(C) मुख्य
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

41. **वर्णोच्चारण की दृष्टि से बेमेल चुनिए: [HTET TGT]**

(A) ओ, औ – कंठोष्ठ (B) व, फ़ - दन्तोष्ठ
(C) द, ध – तालु (D) ठ, ड - मूर्धा

42. **शब्दों के अक्षरों का हेर-फेर कहलाता है: [CG TET]**

(A) वर्ण विपर्यय (B) तद्भव
(C) शब्दशोधन (D) विकृति

## स्वर

43. **अ, आ का उच्चारण स्थान है। [MP Vyapam Sub Engineer]**

(A) मूर्धा (B) नासिका
(C) कंठ्य (D) तालु

44. **इनमें अयोगवाह स्वर कौन सा है? [MP Patwari]**

(A) प (B) म
(C) आ (D) अँ

45. **इनमें से कौन सा एक स्वर नहीं है? [MP Patwari]**

(A) आ (B) इ
(C) र (D) उ

46. **'ऊँ' कौन सा स्वर है? [DSSSB Special Educator]**

(A) सन्धि (B) ह्रस्व
(C) दीर्घ (D) प्लुत

47. **'ए' और 'ऐ' का उच्चारण स्थान है- [MP Police SI]**

(A) कण्ठ्य
(B) कंठोष्ठ्य
(C) कण्ठ्य-तालव्य
(D) ओष्ठ्य

48. **ऐसी कौन सी दो मात्राएँ है जिनका प्रयोग तो किया जाता है किन्तु उनका 'समावेशस्वर' में नहीं किया जाता है? [UPSSSC Junior Assistant]**

(A) आ, इ (B) अं, अ:
(C) ऋ, उ (D) अँ, ऑ

49. **जिन ध्वनियों के उच्चारण में श्वास वायु बिना किसी रुकावट के मुख से निकलती है, उसे कहते हैं- [MP Patwari]**

(A) व्यंजन (B) स्वर
(C) वर्ण (D) शब्द

50. **जिन स्वरों के उच्चारण में जिह्वा समान अवस्था में रहती है, स्वर कहलाते है। [MP Vyapam Sub Engineer]**

(A) मध्य स्वर (B) अग्र स्वर
(C) पश्च स्वर (D) प्लुत स्वर

Toppers Notes Unleash the topper in you

51. **जिन स्वरों के उच्चारण में दो मात्राओं से अधिक समय लगे, वे कहलाते हैं- [MP Patwari]**

(A) दीर्घ स्वर (B) प्लुत स्वर
(C) ह्रस्व स्वर (D) अनुनासिक

52. **जिन स्वरों के उच्चारण में लगभग मुख द्वार बंद रहता है, उसे क्या कहते है? [MP Forest Guard]**

(A) विवृत स्वर (B) संवृत स्वर
(C) अर्द्ध संवृत स्वर (D) अर्द्ध विवृत स्वर

53. **जिन स्वरों के उच्चारण में हवा नाक से भी निकलती है, ........... उन्हें कहते हैं। [UP Lekhpal]**

(A) निरनुनासिक स्वर (B) अनुनासिक स्वर
(C) मौखिक स्वर (D) लुंठित स्वर

54. **जिनका उच्चारण स्वतंत्रता से होता है और जो व्यंजन के उच्चारण में सहायक होते हैं उसे कहते हैं : [UPSSSC VDO]**

(A) संज्ञा (B) स्वर
(C) व्यंजन (D) विसर्ग

55. **जिह्वा के आधार पर स्वर कितने प्रकार के होते हैं? [UPSSSC VDO]**

(A) दो (B) तीन
(C) चार (D) सात

56. **निम्न में से किसका उच्चारण स्वतंत्र रूप से किया जा सकता है? [MP Vyapam Group 2]**

(A) स्वर
(B) व्यंजन
(C) अयोगवाह
(D) उपर्युक्त कोई नहीं

57. **निम्न में से ह्रस्व कौन से हैं? [MP Police SI]**

(A) क, अ, प, आ (B) अ, ई, उ, ऊ
(C) अ, इ, उ, ऋ (D) आ, ई, ऊ, ऋ

58. **निम्नलिखित में से कौन सा संयुक्त स्वर नहीं है? [UP Lekhpal]**

(A) ए (B) ऐ
(C) ऊ (D) ओ

59. **निम्नलिखित में से कौन सा स्वर कंठतालव्य है? [UP Lekhpal]**

(A) ई (B) आ
(C) औ (D) ए

60. **निम्नलिखित में से कौन-सा मूल दीर्घ स्वर नहीं है ? [UPSSSC VDO]**

(A) आ (B) ई
(C) ऊ (D) ओ

61. **निम्नलिखित में से कौन-सा संयुक्त स्वर है? [UPSSSC Stenographer]**

(A) ए, ऐ, ऋ (B) अ, ए, ओ
(C) अ, ऐ, औ (D) ए, ऐ, ओ, औ

62. **पश्च स्वर नहीं है - [MP Patwari]**

(A) ई (B) ऊ
(C) उ (D) ओ

63. **भाषा-विज्ञान की दृष्टि से 'ऊ' किस प्रकार स्वर है ? [UPSSSC Junior Assistant]**

(A) पश्च विवृत (B) अग्र संवृत
(C) अग्र विवृत (D) पश्च संवृत

64. **वृत्ताकार स्वर है - [MP Patwari]**

(A) इ (B) ई
(C) ओ (D) म

65. **हिंदी स्वरों का वर्गीकरण जब जीभ/जिह्वा के भाग के आधार पर किया जाता है तो निम्नलिखित में से कौन सा भेद इसके अंतर्गत नहीं आएगा? [UP Lekhpal]**

(A) अग्र स्वर (B) मध्य स्वर
(C) पश्च स्वर (D) विवृत स्वर

66. **'अल्पप्राण' के विषय में सही कथन है- [UTET]**

(A) हकार की ध्वनि वाले व्यंजन अल्पप्राण होते हैं।
(B) सब स्वर अल्पप्राण हैं।
(C) उष्म व्यंजन अल्पप्राण होते हैं।
(D) प्रत्येक वर्ग का दूसरा और चौथा वर्ण अल्पप्राण होता है।

67. इ, ई, उ, ऊ किस प्रकार के स्वर हैं? [UTET]
(A) संवृत (B) अर्द्धसंवृत
(C) विवृत (D) अर्द्धविवृत

68. इनमें से कौन-सा पश्च स्वर है? [UP TGT]
(A) आ (B) इ
(C) ई (D) अ

69. इनमें से विवृत वर्ण है- [UTET]
(A) अ (B) आ
(C) इ (D) उ

70. 'ऋ' स्वर की मात्रा का प्रयोग कौन-से शब्द में है? [DSSSB TGT]
(A) आम्र (B) रात्रि
(C) मातृभूमि (D) क्रिया

71. ओष्ठों की स्थिति के आधार पर स्वर के कितने भेद होते हैं? [CG TET]
(A) एक (B) दो
(C) तीन (D) चार

72. किस शब्द में 'ऋ' स्वर नहीं हैं? [REET]
(A) कृपा (B) कृष्ण
(C) दृष्टि (D) रिवाज़

73. किस स्वर के उच्चारण में दीर्घ स्वर से भी अधिक समय लगता है? [Bihar Primary Teacher]
(A) ह्रस्व
(B) प्लुत
(C) अनुनासिक
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

74. कौन-से वर्ग में दीर्घ स्वर नहीं है? [DSSSB TGT]
(A) आ इ ए (B) ई उ आ
(C) अ उ इ (D) ऐ ओ अं

75. जिन वर्णों के उच्चारण में अल्प समय लगे उसे क्या कहते हैं? [Bihar STET]
(A) ह्रस्व (B) दीर्घ
(C) प्लूत (D) इसमें से कोई नहीं

76. जिन स्वरों के उच्चारण करने में ह्रस्व स्वर से तीन गुना समय लगता हो, उन स्वरों को ................ कहते हैं। [REET]
(A) वैदिक (B) दीर्घ स्वर
(C) पैतृक (D) प्लुत स्वर

77. जिन स्वरों के उच्चारण में जीभ का अगला भाग ऊपर-नीचे होता है वे सभी कौन से वर्ग में हैं? [DSSSB TGT]
(A) अ उ आ (B) इ ऐ ओ
(C) अ ओ अं (D) इ ई ए

78. निम्नलिखित में से अर्द्धसंवृत स्वर कौन सा है? [UTET]
(A) ओ (B) औ
(C) अ (D) ऐ

79. निम्नलिखित में से कौन-सा पश्च स्वर है? [CG TET]
(A) ज (B) ई
(C) उ (D) अ

80. पश्च स्वर है: [DSSSB TGT]
(A) ऐ (B) अ
(C) ई (D) ओ

81. प्लुत स्वर कौन-सा है? [UPTET]
(A) ओम (B) ओउम्
(C) अउम (D) ओम्

82. वर्ण-विचार की दृष्टी से असंगत विकल्प चुनिए: [HTET TGT]
(A) एक ही स्थान से उच्चारित दो सवर्ण स्वरों के योग से निर्मित स्वर उत्पत्ति के आधार पर दीर्घ स्वर' कहलाते है; जबकि भिन्न-भिन्न स्थानों से उच्चारित दो विजातीय स्वरों के योग से निर्मित स्वर 'संयुक्त स्वर' कहलाते हैं।
(B) अनुस्वार व्यंजनों की प्रकृति है; जबकि अनुनासिक स्वरों की प्रकृति है।

(C) जिन स्वरों के उच्चारण में हवा नाक से नहीं अपितु केवल मुख से **निकलती** है उन्हें 'सानुनासिक' स्वर कहा जाता है जबकि जिन स्वरों के उच्चारण में वायु मुख के साथ-साथ नासिका से भी निकलती है उन्हें 'निरनुनासिक स्वर' कहा जाता है।

(D) हिन्दी वर्णमाला में श ष स ह वर्ण संघर्षी हैं जबकि च छ ज झ आदि वर्ण स्पर्श संघर्षी हैं।

**83. संयुक्त स्वर कौन से हैं? [Bihar Primary Teacher]**

(A) ए, ऐ
(B) आ, ई
(C) अ, ओ
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**84. सभी स्वर होते हैं [UP TGT]**

(A) दीर्घ (B) अघोष
(C) महाप्राण (D) अल्पप्राण

**85. हिन्दी में दीर्घ स्वर कितने हैं? [OSSTET Exam]**

(A) 4 (B) 6
(C) 7 (D) 10

## व्यंजन

**86. 'अर्द्धस्वर' वाला व्यंजन अलग कीजिए: [MP Patwari]**

(A) प (B) ब
(C) य (D) म

**87. 'ओष्ठ्य' से उच्चारित कौन सा वर्ण है? [MP Patwari]**

(A) क (B) स
(C) ह (D) प

**88. 'प' का उच्चारण स्थान है: [DSSSB Group 5]**

(A) दंत (B) तालू
(C) ओष्ठ (D) कंठ

**89. 'अनुस्वार' किसका कार्य करता है? [UP Lekhpal]**

(A) विसर्ग का (B) चंद्रबिंदु का
(C) पंचम वर्ण का (D) स्वर का

**90. अल्पप्राण व्यंजन है - [MP Patwari]**

(A) ख (B) घ
(C) झ (D) क

**91. आगत ध्वनि है - [MP Patwari]**

(A) क (B) ड
(C) ठ (D) फ़

**92. इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ आदि का उच्चारण किससे होता है? [UPSSSC VDO]**

(A) कंठ्य से (B) मूर्धन्य से
(C) तालव्य से (D) ओष्ठ से

**93. इनमें से कौन सी अल्प प्राण ध्वनियाँ हैं? [MP Vyapam Sub Engineer]**

(A) ठ, थ, फ, भ
(B) खा, जा, पा, फा
(C) इनमें से कोई नहीं
(D) ज़, च़, ट़, ड़

**94. उच्चारण की दृष्टि से 'सम्बल' ध्वनि का कौन सा वर्गीकरण हैं? [UPSSSC Junior Assistant]**

(A) सम्पृक्त ध्वनि (B) युग्मक ध्वनि
(C) संयुक्त ध्वनि (D) द्वित्व ध्वनि

**95. उच्चारण के आधार पर व्यंजनों के कितने भेद होते हैं? [MP Vyapam Group 2]**

(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4

**96. ओष्ठ्य वर्ण किस विकल्प में हैं? [UPSSSC VDO]**

(A) त, थ, द, ध
(B) क, ख, ग, घ
(C) प, फ, ब, भ
(D) अ, इ, ऋ, विसर्ग (:)

**97. 'क' व्यंजन है- [MP Patwari]**

(A) सघोष (B) अघोष
(C) महाप्राण (D) नासिक्य

**98. क, ख, ग, घ, ड; का उच्चारण किस से होता हैं? [MP Patwari]**

(A) मूर्धा (B) स्वर तंत्र
(C) दंत (D) कंठ

**99. 'क् + ष = क्ष' निम्नलिखित में से किस व्यंजन का सही उदाहरण है? [MP Vyapam Sub Engineer]**

(A) अंतस्थ व्यंजन (B) संयुक्त व्यंजन
(C) ऊष्म व्यंजन (D) स्पर्श व्यंजन

**100. 'च' वर्ग का उच्चारण स्थान है [MP Patwari]**

(A) तालव्य (B) दन्त्य
(C) पूर्धन्य (D) कंठ्य

**101. जिन व्यंजनों के उच्चारण में दोनों ओष्ठों द्वारा श्वास का अवरोध होता है, वे क्या कहलाते है? [MP Vyapam Sub Engineer]**

(A) ओष्ठ्य व्यंजन (B) मूर्धन्य व्यंजन
(C) दन्त्य व्यंजन (D) तालव्य व्यंजन

**102. जिन व्यंजनों के उच्चारण से स्वर तंत्रियों में गूँज पैदा न हो, उन्हें कहते हैं- [MP Patwari]**

(A) गुंजन (B) अघोष
(C) सघोष (D) अल्पप्राण

**103. जो न तों पूर्ण रूप से स्वर है, न पूर्ण रूप से व्यंजन, उसे कहते हैं- [MP Patwari]**

(A) अर्द्धव्यंजन (B) अर्द्धस्वर
(C) अर्द्धवर्ण (D) इन्में से कोई नहीं

**104. जो व्यंजन अल्पप्राण नहीं हैं, उसे अलग कीजिए। [MP Patwari]**

(A) ख (B) क
(C) ग (D) च

**105. 'ज्ञ' वर्ण किन वर्णों के सहयोग से बना है? [MP Police SI]**

(A) ज + ञ (B) ज् + ञ
(C) ज + ध (D) ज + न्य

**106. 'ट' वर्ग का उच्चारण किया जाता है – [MP Patwari]**

(A) मूर्धन्य (B) वतसर्य
(C) तालव्य (D) कंठ्य

**107. 'त' वर्ग की ध्वनियों का उच्चारण स्थान है? [MP Police SI]**

(A) नासिक्य (B) दंत्य
(C) मूर्द्धन्य (D) तालव्य

**108. त, थ, द, ध, न का उच्चारण से होता है। [Bihar Police Constable]**

(A) तालु (B) नासिका
(C) दंत (D) कंठ

**109. नासिक्य व्यंजन की संख्या है - [MP Patwari]**

(A) 4 (B) 3
(C) 5 (D) 2

**110. निम्न में अन्तस्थ व्यंजन कौन सा है? [UPSSSC VDO]**

(A) ग (B) ज
(C) व (D) स

**111. निम्न में ओष्ठ्य वर्ण कौन सा है? [UPSSSC VDO]**

(A) अ (B) आ
(C) इ (D) उ

**112. निम्न में घोष वर्ण कौन सा है? [UPSSSC VDO]**

(A) ज (B) क
(C) च (D) ट

**113. निम्न में से कौन सा समूह सही नहीं है? [UPSSSC VDO]**

(A) कंठ्य - क, ख, ग, घ
(B) मुर्द्धन्य - च, छ, ज, झ
(C) ओष्ठ्य - प, म, ब, भ
(D) वर्त्स्य - न, ल, र, स

**114. निम्न में से कौन सा/से अल्पप्राण व्यंजन है?**

**[MP Vyapam Group 4]**

(A) क, ग

(B) ड़, च

(C) ज, ञ

(D) क, ग, ड़, च, ज, ञ

**115. निम्न में से दन्त्य वर्ण कौन सा है?**

**[UPSSSC Stenographer]**

(A) स (B) प

(C) ट (D) ह

**116. निम्नलिखित में अन्तस्थ व्यंजन कौन से हैं?**

**[UPSSSC VDO]**

(A) य र ल व (B) क्ष त्र ज्ञ विसर्ग (:)

(C) इ च छ ऋ (D) श ष स ह

**117. निम्नलिखित में व्यंजन नहीं है - [MP Patwari]**

(A) क (B) य

(C) द (D) अ

**118. निम्नलिखित में से कौन सा वर्ण दंत्य नहीं है?**

**[UP Lekhpal]**

(A) त (B) द

(C) ल (D) य

**119. निम्नलिखित में से कौन से मूर्धन्य व्यंजन हैं?**

**[UPSSSC Junior Assistant]**

(A) ड, ढ (B) ज, झ

(C) प, फ (D) ग, घ

**120. निम्नलिखित में से कौन-सा द्विगुण व्यंजन है?**

**[MP Vyapam AEO]**

(A) च (B) ड़

(C) क्ष (D) क

**121. निम्नलिखित में से तालव्य व्यंजन का चयन कीजिए**

**[MP Vyapam Sub Engineer]**

(A) त, द, थ, ध ।

(B) ट, ड, ठ, ड ।

(C) च, छ, ज, झ, ञ, य, श ।

(D) प, फ, ब, भ, म ।

**122. निम्नलिखित में से पार्श्विक ध्वनि कौन सी है?**

**[UP Lekhpal]**

(A) ण (B) ल

(C) र (D) च

**123. प्रत्येक वर्ग का दूसरा और चौथा वर्ण क्या कहलाता है? [UPSSSC Junior Assistant]**

(A) महाप्राण व्यंजन (B) उत्क्षिप्त व्यंजन

(C) अल्पप्राण व्यंजन (D) अनुनासिक व्यंजन

**124. मूर्धन्य व्यंजन है [MP Forest Guard]**

(A) प (B) ट

(C) श (D) य

**125. श, स, ष, ह कौन से व्यंजन हैं?**

**[MP Patwari]**

(A) अतंस्थ (B) उष्म

(C) स्पर्श (D) इनमें से कोई नहीं

**126. 'ष' वर्ण है [MP Police SI]**

(A) दंत्य (B) मूर्द्धन्य

(C) तालव्य (D) कण्ठ्य

**127. संयुक्ताक्षर व्यंजन निम्न में से कौन से हैं?**

**[UPSSSC VDO]**

(A) प, फ, ब, भ (B) श, ष, स, ह

(C) क्ष, त्र, ज्ञ, श्र (D) य, र, ल, व

**128. 'महाप्राण व्यंजन' होता है, प्रत्येक वर्ग का?**

**[DSSSB TGT]**

(A) पहला और दूसरा (B) दूसरा और चौथा

(C) तीसरा और पाँचवाँ (D) दूसरा और तीसरा

**129. 'ड़' का उच्चारण स्थान ज्ञात करें। [UPTET]**

(A) नासिक्य (B) कंठोष्ठ्य

(C) मूर्धन्य (D) कंठतालव्य

**130. अंतस्थ व्यंजन कौन सा है ?**

**[Rajasthan 3rd Grade Teacher]**

(A) य (B) ख

(C) च (D) क्ष

131. **अनुस्वार के बारे में कौन-सा कथन ठीक है? [KVS]**

(A) अनुस्वार स्वर की सहायता के बिना बोला जा सकता है।

(B) अनुस्वार शुद्ध व्यंजन है।

(C) अनुस्वार और अनुनासिक के उच्चारण में अंतर नहीं है।

(D) अनुस्वार स्वर और व्यंजन के बीच आने वाली नासिक्य ध्वनि है।

132. **अनुस्वार वास्तव में नासिक्य व्यंजन का प्रतिनिधि है। [MPTET Varg 1]**

(A) ङ्, ञ्, ण्, न्, म्

(B) ङ्, ञ्, ण्, न्, भ

(C) ङ, ञ, ण, न, म

(D) म, न, अं, ड, द

133. **'अर्ध-स्वर' हैं [UPTET]**

(A) य, व (B) इ, उ

(C) ऋ, लृ (D) ऋ, ष

134. **अल्पप्राण व्यंजन नहीं होता है- [UTET]**

(A) प्रत्येक वर्ग का पहला वर्ण

(B) प्रत्येक वर्ग का दूसरा वर्ण

(C) प्रत्येक वर्ग का तीसरा वर्ण

(D) प्रत्येक वर्ग का पाँचवां वर्ण

135. **इनमें से कौन-सा युग्म अघोष ध्वनि है? [UP TGT]**

(A) ग, घ (B) ड, ढ

(C) प, फ (D) द, ध

136. **उच्चारण की दृष्टि से कौन सा व्यंजन वर्ग तालव्य वर्ग है? [UTET]**

(A) क, ख, ग, घ (B) त, थ, द, ध

(C) च, छ, ज, झ (D) ट, ठ, ड, ढ

137. **उच्चारण स्थान की दृष्टी से कौन-सा विकल्प शुद्ध है? [UPTET]**

(A) ष – तालव्य (B) स - दन्त्य

(C) श – मूर्धन्य (D) च - कंठय

138. **किन ध्वनियों को अनुस्वार कहा जाता है ? [Bihar Primary Teacher]**

(A) स्वतंत्र रूप से उच्चरित ध्वनियाँ

(B) स्वर के बाद आने वाली नासिक्य ध्वनियाँ

(C) व्यंजन के बाद आने वाली ध्वनियाँ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

139. **किस विकल्प में सभी ध्वनियाँ 'तालव्य' है? [HTET TGT]**

(A) च्, छ्, प् (B) च्, ज्, श्

(C) ज्, झ्, स् (D) च्, झ्, ह्

140. **किसी स्वर की सहायता से उच्चारित होने वाले वर्ण क्या कहलाते हैं? निम्नलिखित विकल्पों में से उपयुक्त विकल्प की पहचान कीजिए : [KVS]**

(A) विसर्ग (B) व्यंजन

(C) महाप्राण (D) अनुस्वार

141. **कौन-से वर्ग में तालव्य वर्ण हैं? [DSSSB TGT]**

(A) प र थ ह (B) इ य श च

(C) ह स ल द (D) ट क त प

142. **कौन-से वर्ग में सभी अघोष वर्ण हैं? [DSSSB TGT]**

(A) य ठ ढ (B) त छ फ

(C) द ब न (D) र ग ज

143. **जिनका उच्चारण ऊपर के दाँतों पर जीभ लगाने से होता है, उसे क्या कहते है? [UPTET]**

(A) कंठ्य (B) दन्त्य

(C) मूर्धन्य (D) अनुनासिक

144. **जिह्वा जब दन्त-पंक्ति से स्पर्श करती है तब निम्न में से किन वर्णों का उच्चारण होता है? [Rajasthan 3rd Grade Teacher]**

(A) प, फ (B) च, छ

(C) ट, ठ (D) द, ध

145. **ड़ और ढ़ ध्वनियाँ नहीं आती हैं: [HTET TGT]**

(A) शब्द के पहले

(B) शब्द के बीच में

(C) शब्द के अन्त में

(D) विकल्प (2) व (3) दोनों

**146. निम्न कथनों में से कौन-सा कथन असत्य है?** **[HTET TGT]**

(A) 'ड़्' उत्क्षिप्त व्यंजन है।

(B) 'स्' संघर्षी व्यंजन है।

(C) 'द्' स्पर्शी व्यंजन है।

(D) 'र्' पार्श्विक वर्ण है।

**147. निम्न में संयुक्त व्यंजन कौन-सा नहीं है?** **[UPTET]**

(A) य (B) क्ष

(C) त्र (D) ज्ञ

**148. निम्न में से ऊष्म महाप्राण वर्ण कौन सा है?** **[HTET TGT]**

(A) ख् (B) च्

(C) ट् (D) ष

**149. निम्न में से किस विकल्प का कथन गलत है?** **[HTET TGT]**

(A) 'ऋ' का उच्चारण स्थान 'मूर्धा' है।

(B) विसर्ग ध्वनि की गणना नासिक्य वर्णों में की जाती है।

(C) 'य' और 'व' को अर्ध स्वर भी कहा जाता है।

(D) 'ड़' और 'ढ़' उत्क्षिप्त वर्ण कहलाते हैं।

**150. निम्न में से किस विकल्प में 'दन्त्य' वर्ण प्रयुक्त हुए हैं** **[HTET TGT]**

(A) ज, य, श (B) न, ल, स

(C) ट, ड, र (D) ह, क, ख

**151. निम्न में से कौन सा युग्म संगत नहीं है ?** **[HTET TGT]**

(A) य, व - नासिक्य वर्ण

(B) ड़, ढ़ - उत्क्षिप्त वर्ण

(C) र - लुंठित वर्ण

(D) ल - पार्श्र्व वर्ण

**152. निम्न में से हिन्दी में अल्पप्राण-महाप्राण का जोड़ा नहीं है** **[CG TET]**

(A) क – ख (B) क - य

(C) ज – झ (D) ट - ठ

**153. निम्न में 'पार्श्विक' वर्ण कौन-सा है?** **[HTET TGT]**

(A) य (B) व

(C) र (D) ल

**154. निम्नलिखित ध्वनियो की निर्दिष्ट विशेषताओं में कौन-सा अशुद्ध है ?** **[UPTET]**

(A) त - अल्पप्राण, दंत्य

(B) म - ओष्ठ्य, सघोष

(C) च - तालव्य, महाप्राण

(D) ख - महाप्राण, कंठ्य

**155. निम्नलिखित में एक ओष्ठ्य ध्वनि नही है ?** **[UP TGT]**

(A) प (B) भ

(C) ध (D) फ

**156. निम्नलिखित में कंठय ध्वनियां कौन-सी है?** **[UP TGT]**

(A) क, ख (B) य, र

(C) य, ज (D) ट, ण

**157. निम्नलिखित में कंठोष्ठ्य ध्वनि है –** **[HTET TGT]**

(A) अ (B) इ

(C) ऊ (D) ओ

**158. निम्नलिखित में कौन सा विकल्प 'ऊष्म वर्ण' हैं?** **[UPTET]**

(A) श, ष, स (B) च, छ, ज

(C) य, र, ल, व (D) ट, ठ, ड

**159. निम्नलिखित में श्रुतिमूलक वर्ण बताइए- [UTET]**

(A) ज्ञ, ष (B) य, व

(C) क्ष, त्र (D) थ, ध

**160. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी 'स्पर्श अल्पप्राण' व्यंजन है?** **[HTET TGT]**

(A) स्, श्, ह् (B) फ, ब्, द्

(C) क्, ग्, ट् (D) न्, ल्, र्

Toppersnotes Unleash the topper in you

**161. निम्नलिखित में से कौन तालव्य ध्वनि है?** **[UP TGT]**

(A) च (B) प

(C) ल (D) ह

**162. निम्नलिखित में से कौन मूर्धन्य ध्वनि नहीं है?** **[UP TGT]**

(A) ट (B) ठ

(C) ढ (D) ढ़

**163. निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है?** **[HTET TGT]**

(A) क् कंठ्य अघोष एवं अल्प्राण व्यंजन है।

(B) ठ् मूर्धन्य, अघोष एवं महाप्राण व्यंजन है।

(C) प् ओष्ठ्य, अघोष एवं अल्पप्राण व्यंजन है।

(D) र् लुंठित, घोष एवं महाप्राण व्यंजन है।

**164. निम्नलिखित में से कौन सा वर्ण घोष नहीं हैं?** **[REET]**

(A) ए (B) छ

(C) अ (D) ड

**165. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प तालव्य व्यंजन हैं?** **[REET]**

(A) ट, ठ, ड, ढ (B) च, छ, ज, झ

(C) त, थ, द, ध (D) प, फ, ब, भ।

**166. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प स्पर्श संघर्षी व्यंजन है?** **[HTET TGT]**

(A) ज् (B) ठ

(C) थ् (D) फ्

**167. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रकम्पित वर्ण है ?** **[HTET TGT]**

(A) र (B) ल

(C) य (D) व

**168. निम्नलिखित में से कौन-सा वर्ण घोष-महाप्राण है ?** **[UP TGT]**

(A) श (B) ष

(C) स (D) ह

**169. निम्नलिखित में से कौन-सा 'संघर्षी-व्यंजन' है?** **[CG TET]**

(A) श् (B) क

(C) र् (D) ल्

**170. निम्नलिखित में से नासिक्य व्यंजन नहीं है** **[Bihar Primary Teacher]**

(A) य

(B) न

(C) ण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**171. निम्नलिखित में से महाप्राण व्यंजन कौन-से है ?** **[SUPER TET]**

(A) क, च, ट, त, प

(B) ख, छ, ठ, थ, फ

(C) ग, ज, ड, द, ब

(D) य, र, ल, व

**172. निम्नलिखित में से स्पर्श संघर्षी महाप्राण व्यंजन है :** **[HTET TGT]**

(A) च् (B) ज्

(C) छ् (D) ठ्

**173. निम्नांकित मे अल्पप्राण ध्वनि है-** **[UTET]**

(A) ग (B) घ

(C) छ (D) झ

**174. प्रकंपी व्यंजन है** **[Bihar Primary Teacher]**

(A) श

(B) स

(C) र

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**175. प्रत्येक वर्ग का प्रथम एवं द्वितीय वर्ण किस प्रकार के हैं ?** **[Bihar Primary Teacher]**

(A) नाद

(B) अघोष

(C) घोष

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

176. **प्रयत्न के आधार पर व्यंजनों के कौन से भेद हैं? [MPTET Varg 1]**
(A) स्पर्श, संघर्षी, स्पर्श-संघर्षी, नाविक, पार्श्विक, उत्क्षिप्त, कंपित, संघर्षहीन सप्रवाह
(B) स्पर्श, संघर्षी, स्पर्श-संघर्षी, नासिक्य, पार्श्विक, उत्क्षिप्त, प्रकंपित, संघर्षहीन सप्तप्रवाह
(C) स्पर्श, संघर्षी, स्पर्श-संघर्षी, नासिक्य, पार्श्विक, उद्दीप्त, प्रकंपित, संघर्षहीन सप्रवाह
(D) स्पर्श, संघर्षी, स्पर्श-संघर्षी, नासिक्य, पार्श्विक, उत्क्षिप्त, प्रकंपित, संघर्षहीन सप्रवाह

177. **प्रयत्न के आधार पर व्यंजनों के मुख्यत: कितने भेद हैं? [Chhattisgarh Teacher]**
(A) आठ (B) छ:
(C) चार (D) दो

178. **महाप्राण ध्वनि व्यंजन-वर्ग में किससे सम्बन्धित है? [UP TGT]**
(A) पहला, दूसरा (B) दूसरा, तीसरा
(C) दूसरा, चौथा (D) पहला, चौथा

179. **महाप्राण वर्ण का क्या अर्थ है? दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त विकल्प को चुनिए। [KVS]**
(A) दीर्घ मात्रा वाले वर्ण
(B) कम ध्वनि उच्चारण वाले वर्ण।
(C) अल्प मात्रा वाले वर्ण।
(D) जिसके उच्चारण में श्वास अधिक लगे।

180. **'म्' किस प्रकार का वर्ण है? [KVS]**
(A) दंत्योष्ठ्य (B) अनुनासिक
(C) ओष्ठ्य (D) दंत्य

181. **य, र, ल, व कौन से व्यंजन कहलाते हैं? [UTET]**
(A) स्पर्श व्यंजन (B) संयुक्त व्यंजन
(C) अंतस्थ व्यंजन (D) ऊष्म व्यंजन

182. **'र' का विवरण है- [Bihar Primary Teacher]**
(A) वर्त्स्य, लुंठित, सघोष, अल्पप्राण व्यंजन
(B) पार्श्विक, सघोष, स्पर्श, अल्पप्राण व्यंजन
(C) वर्त्स्य, लुंठित, अघोष, महाप्राण व्यंजन
(D) वर्त्स्य, संघर्षी, अघोष, महाप्राण व्यंजन

183. **वर्ण - ण का उच्चारण मुख के किस भाग से होता है? [Chhattisgarh Teacher]**
(A) कंठ्य (B) तालव्य
(C) ओष्ठ्य (D) मूर्धन्य

184. **वर्णों की ध्वनिगत विशेषता के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है? [HTET TGT]**
(A) ताड़नजात - ड़ ढ़ (B) ईषत्स्पृष्ट - श ष
(C) विवृत्त - ज, झ (D) ईषद् विवृत्त - य व

185. **वर्त्स्य वर्ण है - [UTET]**
(A) म, य, व, श, (B) न, र, ल, स
(C) न, म, य, र (D) म, य, र, स,

186. **व्यंजन और व्यंजन के मेल का उदाहरण है – [Rajasthan 3rd Grade Teacher]**
(A) क्ष (B) क
(C) फ (D) म

187. **संयुक्त व्यंजन निम्नलिखित वर्ण में है: [CG TET]**
(A) ञ (B) ण
(C) त्र (D) ङ

188. **स्थान के आधार पर प, फ़, ब, भ, म का उच्चारण स्थान क्या है? [MPTET Varg 1]**
(A) तालव्य (B) दन्त्य
(C) वर्त्स्य (D) ओष्ठ्य

189. **स्पर्श व्यंजन का उदाहरण है – [Rajasthan 3rd Grade Teacher]**
(A) य (B) व
(C) ल (D) च

190. **हिंदी व्यंजन ध्वनियों में चार अंतस्थ व्यंजन है: [CG TET]**
(A) श, ष, स, ह (B) ङ, ञ, ण, म
(C) य, र, ल, व (D) क्ष, त्र, ज्ञ, श्र

191. **हिन्दी के उत्क्षिप्त व्यंजन का चयन कीजिए। [Bihar Senior Secondary Teacher]**
(A) झ
(B) ढ़
(C) ण
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

# उत्तर कुंजी

| Ques. | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Ans.** | D | C | D | A | B | D | D | B | A | B |
| **Ques.** | **11** | **12** | **13** | **14** | **15** | **16** | **17** | **18** | **19** | **20** |
| **Ans.** | B | C | B | B | D | C | A | D | D | A |
| **Ques.** | **21** | **22** | **23** | **24** | **25** | **26** | **27** | **28** | **29** | **30** |
| **Ans.** | A | D | C | B | B | C | A | C | D | A |
| **Ques.** | **31** | **32** | **33** | **34** | **35** | **36** | **37** | **38** | **39** | **40** |
| **Ans.** | C | C | A | C | A | C | A | A | D | A |
| **Ques.** | **41** | **42** | **43** | **44** | **45** | **46** | **47** | **48** | **49** | **50** |
| **Ans.** | C | A | C | D | C | D | C | B | B | A |
| **Ques.** | **51** | **52** | **53** | **54** | **55** | **56** | **57** | **58** | **59** | **60** |
| **Ans.** | B | B | B | B | B | A | C | C | D | D |
| **Ques.** | **61** | **62** | **63** | **64** | **65** | **66** | **67** | **68** | **69** | **70** |
| **Ans.** | D | A | D | C | D | B | A | A | B | C |
| **Ques.** | **71** | **72** | **73** | **74** | **75** | **76** | **77** | **78** | **79** | **80** |
| **Ans.** | B | D | B | C | A | D | D | A | C | D |
| **Ques.** | **81** | **82** | **83** | **84** | **85** | **86** | **87** | **88** | **89** | **90** |
| **Ans.** | B | A | A | D | C | C | D | C | C | D |
| **Ques.** | **91** | **92** | **93** | **94** | **95** | **96** | **97** | **98** | **99** | **100** |
| **Ans.** | D | C | D | A | D | C | B | D | B | A |
| **Ques.** | **101** | **102** | **103** | **104** | **105** | **106** | **107** | **108** | **109** | **110** |
| **Ans.** | A | B | B | A | B | A | B | C | C | C |
| **Ques.** | **111** | **112** | **113** | **114** | **115** | **116** | **117** | **118** | **119** | **120** |
| **Ans.** | D | A | B | D | A | A | D | D | A | B |
| **Ques.** | **121** | **122** | **123** | **124** | **125** | **126** | **127** | **128** | **129** | **130** |
| **Ans.** | C | B | A | B | B | B | C | B | A | A |
| **Ques.** | **131** | **132** | **133** | **134** | **135** | **136** | **137** | **138** | **139** | **140** |
| **Ans.** | D | A | A | B | C | C | B | B | B | B |
| **Ques.** | **141** | **142** | **143** | **144** | **145** | **146** | **147** | **148** | **149** | **150** |
| **Ans.** | B | B | B | D | A | D | A | A | B | B |
| **Ques.** | **151** | **152** | **153** | **154** | **155** | **156** | **157** | **158** | **159** | **160** |
| **Ans.** | A | B | D | C | C | A | D | A | B | C |
| **Ques.** | **161** | **162** | **163** | **164** | **165** | **166** | **167** | **168** | **169** | **170** |
| **Ans.** | A | D | D | B | B | A | A | D | A | A |
| **Ques.** | **171** | **172** | **173** | **174** | **175** | **176** | **177** | **178** | **179** | **180** |
| **Ans.** | B | C | A | C | B | D | A | C | D | C |
| **Ques.** | **181** | **182** | **183** | **184** | **185** | **186** | **187** | **188** | **189** | **190** |
| **Ans.** | C | A | D | A | B | A | C | D | D | C |
| **Ques.** | **191** | | | | | | | | | |
| **Ans.** | B | | | | | | | | | |